
# 11वीं में देश के 75 .1% विद्यार्थी जारी रख रहे पढ़ाई

## मध्यप्रदेश में 6 वीं में 91 .9% और 11 वीं मात्र 68 .9% विद्यार्थी जारी रख रहे पढ़ाई




साक्षी केसरवानी

**भोपाल, 23 मई. विद्यार्थी जब किसी एक कक्षा से अगली कक्षा में प्रवेश लेकर पढ़ाई को जारी रखते हैं, तो इस दर को ट्रांजिशन रेट कहा जाता है.**

मई महीने में जारी की गई नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार देश भर में साल 2014 से 2024 में कक्षा पांचवीं से छठी में पढ़ाई जारी रखने वालों की संख्या में 2.46 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. जबकि कक्षा 10 वीं से 11 वीं में पढ़ाई जारी रखने वालों में 7.4 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. लेकिन 8 वीं से 9 वीं में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में देश भर में 4.98 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई. रिपोर्ट के अनुसार साल 2024 में 92.2 प्रतिशत विद्यार्थियों ने 5 वीं की पढ़ाई पूरी कर 6वीं कक्षा में दाखिला लिया है. वहीं, 8 वीं पास कर 9 वीं में केवल 86.6 प्रतिशत छात्र- छात्राओं ने पढ़ाई जारी रखी. जबकि यही विद्यार्थी 10 वीं उत्तीर्ण कर जब 11 वीं में दाखिला लेते हैं तो केवल 75.1 प्रतिशत ही रह गए, जिन्होंने अपनी पढ़ाई 12 वीं के लिए जारी रखी. जिससे यह साफ होता है 5 वीं से 12 वीं कक्षा में पहुंचने वाले विद्यार्थियों की संख्या में भी काफी कमी है.

### 10वीं के बाद फिर सुधरे हालात

एक तरफ जहां 8वीं से 9वीं में जाने वाले विद्यार्थियों के दर में कमी आई है, वहीं दूसरी तरफ मप्र में 10वीं से 11वीं में पढ़ाई जारी रखने वाले विद्यार्थियों में यह दर वर्ष 2014 में 56 .6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2024 में 68 .9 प्रतिशत हो गयी है . लेकिन अब भी मप्र देश में सबसे कम दर वाले राज्यों की सूची में बरकार है . जबकि इस स्तर पर दिल्ली और चंडीगढ़ शत प्रतिशत का रिकॉर्ड हासिल किये हुये हैं . वहीं अंडमान और निकोबार 92 .5 प्रतिशत, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव 91 .4 प्रतिशत और लक्षद्वीप 91 .3 प्रतिशत के साथ देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है .

### एमपी ने प्राथमिक शिक्षा में लगाई लंबी छलांग

मप्र में साल 2014 में 5 वीं से 6 वीं में पढ़ाई जारी रखने वाले विद्यार्थियों की दर 85 .83 प्रतिशत थी, जो कि साल 2024 में बढ़कर 91 .9 प्रतिशत पर पहुंच गई है . हालांकि देश के सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्यों में आंध्र प्रदेश में यह दर 51 .98 प्रतिशत से बढ़कर सीधे 94 .5 प्रतिशत हो गई . वहीं दमन और दीव, दादरा और नगर हवेली, पुडुचेरी, चंडीगढ़, तेलंगाना और गोवा जैसे राज्यों ने इस स्तर पर शत-प्रतिशत का लक्ष्य हासिल कर लिया है .

### 8वीं के बाद थमने लगी रफ्तार

मप्र में कक्षा 8वीं से 9वीं में पढ़ाई जारी रखने वाले विद्यार्थियों में देश में सबसे कम दर वाले राज्यों में शामिल है . जहां वर्ष 2014 में यह दर 78 .83 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2024 में घटकर 77 .8 प्रतिशत हो गई . जबकि पुडुचेरी और केरल 99 .6 प्रतिशत के साथ देश में सबसे आगे हैं . इसके बाद लक्षद्वीप और चंडीगढ़ 99 प्रतिशत, तेलंगाना 98 .9 प्रतिशत और महाराष्ट्र 98 .4 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं .

## एक नजर में



### धू-धूकर जल गया तेंदूपत्ता से लदा ट्रक

**सिंगरौली .** वन परिक्षेत्र माड़ा के छतौली में तेन्दूपत्ता से लदा एक ट्रक आज शनिवार की शाम करीब 4 बजे धू-धूकर जल गया . इस आगजनी की घटना में ट्रक एवं तेन्दूपत्ता समेत लाखों रूपये का नुकसान हुआ. वहीं मौके पर दमकल भी नही पहुंचा . आग बिजली के शॉट सर्किट से लगने का अंदेशा जताया जा रहा है . माड़ा वन परिक्षेत्र से तेन्दूपत्ता लोडकर एक ट्रक गोदाम ले जा रहा था कि छतौली गांव के मुख्य मार्ग में बिजली के शॉट सर्किट से आग लग गई .

### खंडवा को मिली नई सौगात, यात्रियों को राहत

**खंडवा .** रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है . रेलवे ने जयपुर और हैदराबाद के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन को अब स्थायी साप्ताहिक ट्रेन के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया है . इस फैसले से खंडवा सहित मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और राजस्थान के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा . समाजसेवी व सांसद प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने इस नई सौगात के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है . उन्होंने कहा कि खंडवा संसदीय क्षेत्र में लगातार ट्रेनों के स्टॉपेज और नई रेल सुविधाओं के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं .



## मौसम : सतना और पन्ना सहित जिलों में रेड अलर्ट

### 05 दिन तक प्रदेशभर में भीषण गर्मी और लू

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 23 मई. प्रदेश में आगामी पांच दिनों तक तेज धूप और लू चलने की संभावना बनी है. मौसम विभाग ने इसको लेकर चेतावनी जारी की है. सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, कटनी, मैहर सहित 40 से अधिक जिलों में आगामी 27 मई तक भीषण गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ सकता है.**

मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 23 मई को अरब सागर के कुछ हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र, और पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी एवं अंडमान सागर के अधिकांश हिस्सों में और आगे बढ़ गया है. आगामी 3-4 दिनों के दौरान शेष हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के और आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियाँ अनुकूल हैं. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी 5 दिनों तक भीषण ग्रर्मी होने की संभावना है. सतना, पन्ना, छतरपुर और टीकमगढ़ जिले में लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है. दतिया, सिगंरौली, सीधी, जबलपुरा, सागर दमोह सहित जिलों में अरेंज अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही गुना, अशोक नगर, शिवपुरी, डिंडौरी, नरसिंहपुर, मंडला सहित जिलों में लू को लेकर एलो अलर्ट जारी कर दिया गया है.

### भोपाल में भी लू की आशंका

मौसम विभाग ने भोपाल में होने वाली गर्मी और लू की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है . वैज्ञानिकों ने इस दौरान लोगों से गर्मी और लू से बचने के लिए विशेष अपील की है . लोगों के स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा को लेकर पर्याप्त पानी पीने और शरीर को हाइड्रेड रखने की सलाह दी . साथ ही गर्मी के चलते शरीर में गंभीर समस्या होने की संभावना पर चिकत्सकीय परामर्श की अपील की . भोपाल के साथ आसपास के जिलों में गर्मी और लू की संभावना को देखते हुए मौसम विभाग ने आगामी पांच दिनों तक एलो अलर्ट जारी किया है .

### जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस के ट्रेन नं . में बदलाव

**भोपाल.** रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को अब गाड़ी संख्या 20164/20163 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित नंबर से चलाने का निर्णय लिया गया है. यह ट्रेन जबलपुर से 29 और बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई से नियमित नम्बर से परिचालन किया जाएगा. गाड़ी संख्या 20164 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 29 से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल, संत हिरदाराम नगर पहुँचकर अगले दिन उज्जैन, शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस पहुँचेगी.

## 6 .96 लाख कीमत की 3480 शीशी प्रतिबंधित आनरेक्श कफ सिरप जब्त

### आपरेशन प्रहार 2 .0 के तहत जमोड़ी पुलिस की बड़ी कार्यवाही




नवभारत न्यूज

**सीधी 23 मई, पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा संचालित विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत जिले में नशे के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है।**

इसी क्रम में उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा क्षेत्र हेमंत चौहान के मार्गदर्शन, पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के नेतृत्व में थाना जमोड़ी पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। मुखबिर सूचना पर की गई सटीक कार्यवाही दिनांक 22 मई 2026 को थाना जमोड़ी पुलिस ग्राम चौफाल कोठार क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी पूर्ण करने के पश्चात ग्राम गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सजहवा-नेबूहा-कठौली मार्ग स्थित पुलिया के पास भारी मात्रा में अवैध नशीली कफ सिरप बिक्री हेतु छिपाकर रखी गई है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में पुलिया के नीचे रखी 29 बोरियों की विधिवत तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान प्रत्येक बोरी में खाकी रंग के कार्टून में पैक आनरेक्श कफ सिरप की 120-120 सीलबंद शीशियां बरामद हुईं। कुल 3480 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप जप्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 6 लाख 96 हजार है। जप्त कफ सिरप में कोडीन फॉस्फेट मिश्रित होना पाया गया, जो एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत नियंत्रित मादक पदार्थ की श्रेणी में आता है। पुलिस द्वारा मौके पर विधिवत जप्ती एवं सीलबंदी की कार्यवाही की गई।

### इनका कहना है

नशे के विरुद्ध सीधी पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने वाले नशा कारोबारियों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार को किसी भी स्थिति में पनपने नहीं दिया जाएगा। आमजन से अपील है कि नशे एवं अवैध गतिविधियों से संबंधित किसी भी सूचना को तत्काल पुलिस से साझा करें, आपकी पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाएगी।

**संतोष कोरी, पुलिस अधीक्षक सीधी**

## पेज एक का शेष

### नितिन नवीन की टीम में युवा जोश होगा स्थापित

बिठाने वाले चेहरों का दबदबा रहने की उम्मीद है . महासचिवों की सूची में होने वाला फेरबदल यह तय करेगा कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों और 2029 के लोकसभा रण के लिए अपनी धार को कितना पैना करना चाहती है .

**इनको मिल सकता है मौका :** सूत्रों की मानें तो राम माधव की वापसी के साथ सुनील बंसल को चुनावी रणनीतिकार के रूप में विशेष स्थान दिया जा सकता है . अरविंद मेनन, अनुराग ठाकुर, विप्लव देव, रविन्द्र रैना, बीडी शर्मा, राकेश सिंह, कविता पाटीदार, अपराजिता सारंगी, स्वतंत्र देव सिंह, के अन्नामलाई, अग्निमित्रा पॉल, संजय जायसवाल, सतीश चंद्र दुबे, कैलाश विजयवर्गीय, सतीश पूनिया के अलावा कुछ कैबिनेट मंत्रियों को मंत्रिमंडल से बाहर कर संगठन में रखा जाएगा . विभिन्न राज्यों के अनुभवी व युवा चेहरों को मौका दिया जा सकता है . राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि नितिन नवीन की कार्यकारिणी भाजपा के लिए अग्निपरीक्षा के साथ अवसर भी है . क्योंकि उनके सामने क्षेत्रीय आकांक्षाओं और केंद्रीय अनुशासन के बीच सामंजस्य बैठाकर भाजपा के विजयी रथ को आगे बढ़ाने की चुनौती भी रहेगी .

### 51 हजार युवाओं को नौकरी

बड़ी कंपनियों के लीडर्स से बातें हुईं, विस्तार से चर्चा हुई .इस दौरान हर जगह मैंने एक बात समान रूप से महसूस की है .दुनिया भारत के युवाओं और भारत की टेक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित है . आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है . अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि भारत भी दुनिया के अलग-अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है .इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले और उनका सामर्थ्य खिल उठे . साथ ही साथ, मैं चाहता हूं कि देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले . उन्होंने कहा कि आज स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, हरित हाइड्रोजन और टिकाऊ विनिर्माण से जुड़े क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं . इनसे जुड़ी साझेदारी एक नई अर्थव्यवस्था के नए अवसर के दरवाजे खोल रही हैं . स्वीडन, नॉर्वे और इटली जैसे देशों के साथ 'ग्रीन ट्रांजिशन एंड सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी' में भी सहयोग बढ़ रहा है .ये भारत को क्लीन मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ी फ्यूचर इंडस्ट्री में मजबूत करेगा, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज हर भारतीय एक बड़े संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है . ये संकल्प, 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का है . इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आज देश अलग-अलग क्षेत्र में निवेश कर रहा है और इस निवेश से देश के युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर बन रहे हैं .

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) एवं पंजीयक लोकन्यास जिला सतना (म .प्र .)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 02बी 113/2008-09

**उद्‌घोषणा**

लोक न्यासों के पंजीयक सतना जिला के समक्ष यत: कि श्री वीरेन्द्र बाबा शिष्य श्री स्वामी सच्चिदानंद जी सचिव श्री स्वामी सच्चिदानंद जी परमहंस धार्मिक न्यास धारकुण्डी जिला सतना म .प्र में मध्यप्रदेश लोकन्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 9 के अंतर्गत ट्रस्ट के सदस्यों में संशोधन करते हुए अध्यक्ष श्री स्वामी सच्चिदानंद जी के ब्रम्हलीन हो जाने से उनका नाम विलोपित किये जाने तथा नवीन अध्यक्ष श्री रामायण बाबा एवं नए ट्रस्टी श्री विजय बाबा का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। एतद द्वारा सूचनापत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनाँक 03 .07 .2026 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा।

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर नियत दिनांक 03 .07 .2026 तक में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए । उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**(राहुल सिलाडिया)**
**अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) एवं पंजीयक लोकन्यास जिला सतना (म .प्र .)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) एवं पंजीयक लोकन्यास जिला सतना (म .प्र .)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 01 बी 113/2010-11

**उद्‌घोषणा**

लोक न्यासों के पंजीयक सतना जिला के समक्ष यत: कि श्री वीरेन्द्र बाबा शिष्य श्री स्वामी सच्चिदानंद जी सचिव श्री स्वामी सच्चिदानंद जी परमहंस धार्मिक एवं परमार्थिक न्यास धारकुण्डी जिला सतना म .प्र में मध्यप्रदेश लोकन्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा 9 के अंतर्गत ट्रस्ट के सदस्यों में संशोधन करते हुए अध्यक्ष श्री स्वामी सच्चिदानंद जी के ब्रम्हलीन हो जाने से उनका नाम विलोपित किये जाने तथा नवीन अध्यक्ष श्री रामायण बाबा एवं नए ट्रस्टी श्री लवलेश बाबा का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। एतद द्वारा सूचनापत्र दिया जाता है कि कथित आवेदन पर दिनाँक 03 .07 .2026 को मेरे न्यायालय में विचार में लिया जाएगा।

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर नियत दिनांक 03 .07 .2026 तक में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिश: अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए । उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**(राहुल सिलाडिया)**
**अनुविभागीय अधिकारी रघुराजनगर (नगरीय) एवं पंजीयक लोकन्यास जिला सतना (म .प्र .)**

## भीषण गर्मी में भी प्यास नही बूझा पाया चौपाटी का वाटर एटीएम

### मल्हार पार्क चौपाटी बैढ़न का वाटर एटीएम मेंटेनेंस के बावजूद कई दिनों से था बंद

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 23 मई । बैढ़न शहर के प्रमुख मल्हार पार्क चौपाटी में लगाया गया वाटर ऐटीएम लंबे समय से बंद पड़ा है। खास बात यह है कि मेंटेनेंस के नाम पर नगर निगम द्वारा हजारों रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है, बावजूद इसके अब तक इसे चालू नहीं कराया जा सका है। वहीं चर्चा है कि शाम होते-होते वाटर एटीएम को चालू कराने का दावा किया गया।**

स्थानीय लोगों के अनुसार चौपाटी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग घूमने और समय बिताने पहुंचते हैं, बगल में पार्क है, चौपाटी है, बस स्टैण्ड है, बंद पड़े वाटर एटीएम के कारण पार्क की आकर्षणता कम होती जा रही है।



लोगों का कहना है कि यदि मेंटेनेंस पर राशि खर्च हुई है तो उसका परिणाम भी दिखाई देना चाहिए। इसके घटिया खरीदी में कहीं ना कहीं लाखो रुपए की खरीदी में बंदरबांट हुआ है, जो जाँच का विषय बना हुआ है।

नागरिकों ने नगर निगम प्रशासन से मामले की जांच कर जल्द चालू कराने की मांग की है। वहीं लोगों ने यह भी कहा कि सार्वजनिक धन का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि शहर की सौंदर्यीकरण योजनाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें। जब से वाटर एटीएम लगा हुआ है, हकीकत तो ये है की आज तक कभी चालू ही नही हुआ, इतना महंगा वाटर एटीएम लगाए जाने से अच्छा था, मटके रखकर किसी जरूरत मंद की चार महिने के लिए ड्यूटी लगा दी जाती, जिससे कुछ लोगो को रोजगार के अवसर मिल जाता और आम आदमी को पानी मिल जाता।

## किशोरी हत्याकांड के नाबालिग गवाह की ट्रेन से कटकर मौत

- मालगाड़ी की चपेट में आया था किशोर
- छग के मनेंद्रगढ़ अस्पताल में दम तोड़ा

**अनूपपुर, 23 मई. बिजुरी थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई. 20 मई को हुई एक नाबालिक किशोरी की संदिग्ध मौत के मामले में न केवल चश्मदीद गवाह था, बल्कि उसी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी. वहीं इा मौत ने अपने पीछे कई सवाल छोड़ दिये हैं.**

घटना शनिवार की भोर में बिजुरी के गलैयाटोला रेलवे ट्रैक पर मालगाड़ी की टक्कर से अमन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया था. आरपीएफ बौरीडांड ने उसे छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया. आरपीएफ प्राथमिक तौर पर इसे आत्महत्या का मामला मान रही है. ज्ञात हो कि 20 मई की रात अमन ने पुलिस को बताया था कि वह अपनी महिला मित्र के साथ कोरजा कॉलरी के पास बैठा था, तभी दो बदमाशों ने उन पर हमला किया. आरोपियों ने अमन का सिर फोड़ दिया था और युवती के साथ बर्बरता की थी. अमन ने घायल अवस्था में ही युवती को अस्पताल पहुंचाया था, जहां उसकी मौत हो गई थी.

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)**

एन.आई.टी. क्रमांक 2236/ई टेंडरिग/न.पा./2026 सीधी, दिनांक 22/05/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_508633_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 23 बालेश्वर मिश्रा के घर से अनिल विश्वकर्मा के घर तक सी.सी. सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य। | (1) 02 माह (2) 1.96 लाख | (1) 1000.00 (2) 3917.00 | 03.06.2026 |
| 2 | 2026_UAD_508635_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 09 में रविराय बहादुर सिंह की दुकान से समर बहादुर सिंह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण। | (1) 02 माह (2) 5.37 लाख | (1) 2000.00 (2) 5374.00 | 03.06.2026 |
| 3 | 2026_UAD_508636_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्र. 20 राजू सेन के घर से संतोष सिंह चौहान के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | (1) 02 माह (2) 6.99 लाख | (1) 2000.00 (2) 6987.00 | 03.06.2026 |
| 4 | 2026_UAD_508637_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 07 में रीवा सीधी सिंगरौली अप्रोच रोड से गर्ल्स डिग्री कालेज कैम्पस तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | (1) 02 माह (2) 8.41 लाख | (1) 2000.00 (2) 8414.00 | 03.06.2026 |
| 5 | 2026_UAD_508639_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 02 में श्रीमती छाया सिंह के घर से कमलाकान्त गौतम (एडवोकेट) के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | (1) 03 माह (2) 9.65 लाख | (1) 2000.00 (2) 9650.00 | 03.06.2026 |
| 6 | 2026_UAD_508642_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 24 श्री रामलाल वर्मा (पूर्व पार्षद) के घर से सीधी खुर्द स्कूल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | (1) 03 माह (2) 12.63 लाख | (1) 2000.00 (2) 9473.00 | 18.06.2026 |
| 7 | 2026_UAD_508647_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 02 में अंकित कचेर के घर के पास दुर्गा मंदिर से अप्रोच नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण। | (1) 03 माह (2) 12.69 लाख | (1) 2000.00 (2) 9517.00 | 18.06.2026 |
| 8 | 2026_UAD_508652_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 10 में धीरेन्द्र सिंह के घर से तिलकराज सिंह एवं उत्सव गार्डन तुलाराम पटवारी के घर तक सी.सी. सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | (1) 03 माह (2) 14.01 लाख | (1) 2000.00 (2) 10511.00 | 18.06.2026 |
| 9 | 2026_UAD_508658_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्र. 22 में फूलमती मंदिर के सामने से सुनीता रानी वर्मा के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | (1) 03 माह (2) 14.28 लाख | (1) 2000.00 (2) 10712.00 | 18.06.2026 |
| 10 | 2026_UAD_508663_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्र.08 में रामजी शुक्ला के घर से पुष्पराज सिंह के घर एवं श्री के.पी.सिंह के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। | (1) 03 माह (2) 24.57 लाख | (1) 5000.00 (2) 18429.00 | 18.06.2026 |
| 11 | 2026_UAD_508667_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 20 में गोविन्द प्रसाद गुप्ता के घर से बिन्द्रा साकेत के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | (1) 03 माह (2) 27.74 लाख | (1) 5000.00 (2) 20807.00 | 18.06.2026 |
| 12 | 2026_UAD_508670_1 दिनांक 20.05.2026 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डों में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | (1) 06 माह (2) 29.77 लाख | (1) 5000.00 (2) 22328.00 | 18.06.2026 |
| 13 | 2026_UAD_508674_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 03 में सम्राट चौक से संजय श्रीवास्तव एडवोकेट के घर तक पेव्हर ब्लाक लगवाए जाने का कार्य। | (1) 03 माह (2) 31.67 लाख | (1) 5000.00 (2) 23754.00 | 18.06.2026 |
| 14 | 2026_UAD_508679_1 दिनांक 20.05.2026 | वार्ड क्रमांक 23 में अशोक वर्मा के घर से सीधी मड़वास पहुंच मुख्य मार्ग तक सी.सी. सड़क निर्माण। | (1) 03 माह (2) 27.74 लाख | (1) 5000.00 (2) 20807.00 | 18.06.2026 |

**नोट:-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद सीधी**

## आरोप ▶ पटवारी ने प्रदेश में गहराते जल संकट को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला

# अभियानों के सरकारी दावे जमीनी स्तर पर विफल

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 23 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में गहराते जल संकट को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि जल संरक्षण अभियानों के सरकारी दावे जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हुए हैं.**



शनिवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को 'एयर कंडीशंड दफ्तरों और सरकारी फाइलों में दर्ज भ्रामक उपलब्धियों' से बाहर निकलकर आम जनता की परेशानियों को देखना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि 'जल गंगा संवर्धन' जैसे अभियान लोगों को राहत देने में नाकाम रहे हैं और प्रदेशभर में नागरिक पेयजल संकट से जूझ रहे हैं. पटवारी ने विशेष रूप से इंदौर का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की आर्थिक राजधानी के लोग हर बूंद पानी के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं, जबकि शहर लगातार भाजपा का समर्थन करता रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाएं खाली बर्तन लेकर भटक रही हैं, लोग घंटों तक पानी के टैंकरों का इंतजार कर रहे हैं और जगह-जगह चक्काजाम तथा प्रदर्शन हो रहे हैं. उनके अनुसार, नियमित जलापूर्ति की मांग को लेकर नागरिक भाजपा विधायकों के घरों के बाहर भी प्रदर्शन करने लगे हैं.

उन्होंने कहा कि भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, रीवा, सतना, मुरैना, शिवपुरी, खरगोन, बड़वानी और धार सहित कई जिलों में गंभीर जल संकट बना हुआ है, जबकि स्थानीय निकाय और प्रशासन निष्क्रिय बने हुए हैं.

कांग्रेस नेता ने भाजपा पर 卐टैंकर माफिया卐 को संरक्षण देने का भी आरोप लगाया . उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ व्यवस्था से जुड़े लोग पानी के कारोबार से लाभ कमा रहे हैं और उनके खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं की जा रही . रायसेन जिले में पानी की तलाश के दौरान कुएं में डूबने से तीन आदिवासी बालिकाओं की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए पटवारी ने इसे 卐हृदयविदारक卐 और प्रशासनिक विफलता का प्रतीक बताया . उन्होंने जल संकटग्रस्त जिलों में आपात राहत उपाय लागू करने, अवैध टैंकर संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने तथा घटना की उच्चस्तरीय जांच के साथ प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की .